दिनांकः 24.12.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में अर्थशास्त्रियों के साथ बजट–पूर्व परामर्श किया।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विपक्ष पर अपनी भूमिका सही तरीके से नहीं निभाने का आरोप लगाया।
- उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नई पहल शुरू की।
- प्रभु यीशू मसीह का जन्मदिन क्रिसमिस पर्व कल–मध्य रात्रि से होंगी विशेष प्रार्थना सभाएं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नीति आयोग में वरिष्ठ अर्थशास्त्रियों के साथ बजट–पूर्व परामर्श में भाग लिया। बैठक में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष बी.वी. आर. सुब्रमण्यम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय बजट वर्ष 2025–26 के लिए बजट–पूर्व परामर्श की शुरुआत इस महीने की 6 तारीख को हुई थी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों, किसान संघों, अर्थशास्त्रियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ परामर्श किया था। केंद्रीय वित्त मंत्री एक फरवरी को लोकसभा में वर्ष 2025–26 का बजट पेश कर सकती हैं।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अपनी भूमिका ठीक से नहीं निभा पा रहे हैं। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आज प्रेस वार्ता में बोलते हुए श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार अन्त्योदय की भावना से काम कर रही है। वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण की परिभाषा बदली है और आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति को आगे लाने का काम किया है।

........................

मुख्यमंत्री ने इससे पहले अपने दिल्ली दौरे में विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। श्री शर्मा ने केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भेट कर राज्य की विकास परियोजनाओं और उद्योग क्षेत्र में निवेश संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी जोधपुर हाउस में मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने दोनों राज्यों के बीच चल रहे विकास कार्यों और परस्पर सहयोग के बारे में विचार–विमर्श किया।

000

प्रदेश में चल रहे सुशासन सप्ताह के तहत आज ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर हुए। बालोतरा के बायतू उपखण्ड की रेवाली, सिंगोडिया, बाटाडू ग्राम पंचायतों में ये शिविर लगाये गये। इसके साथ ही गिडा ब्लॉक की हीरा की ढाणी और जाखड़ा ग्राम पंचायत में भी शिविर आयोजित हुए। उधर शाहपुरा जिले के आशांन्वित ब्लॉक कोटड़ी में रूबरू अभियान की शुरूआत हुई। जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह ने यह नवाचारी अभियान लॉन्च किया, इसके तहत विकास से वंचित रही बस्तियों की पहचान की जाएगी। इसके बाद विकास कार्यों के लिए नई स्वीकृतियां जारी होंगी। साथ ही चौपाल लगाकर

शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य संकेतकों पर भी काम किया जाएगा। अलवर में जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने राजगढ में लगाये गये शिविर का निरीक्षण कर परिवादियों से बात भी की। पाली में सुशासन सप्ताह के तहत आज राजकीय बांगड अस्पताल में सफाई की गई।

000

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कल 100वीं जयंती है। इसे सुशासन दिवस के रूप मनाया जाता है। गौरतलब है कि इसी उपलक्ष में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया है। प्रदेश भाजपा की ओर से भी सुशासन दिवस और वीर बाल दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम होगें।

000

भीलवाड़ा जिले के माण्डलगढ़ में शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का लोकर्पण किया गया। विधायक गोपाल लाल खण्डेलवाल ने फीता काटकर इस केन्द्र की शुरूआत की। इस आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के शुरू होने से आस–पास के लोगों को तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी। साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाइयों और जांच का भी फायदा मिल सकेगा। उधर शाहपुरा जिले के कोठियां राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आज मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाया गया। इसमें विशेषज्ञों ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस मौके पर लाभार्थियों को आयुर्वेद काढा भी पिलाया गया। वहीं झुन्झुनू मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का फायदा एक दम्पत्ति को मिला। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि दम्पत्ति की जुड़वां बेटियों का दो लाख रूपये से भी ज्यादा का इलाज योजना के तहत अस्पताल में मुफ्त हुआ है।

..................

बेटियों के पिता मोनू प्रकाश ने राज्य सरकार का धन्यवाद किया है।

....................

000

................

प्रादेशिक समाचार बुलेटिन आप हमारे एक्स हैंडल ़/पतदमेूॠरंपचनतए यू–ट्यूब चैनल त्रेंजींद ।प्त् छमूे और फेसबुक ।प्त् छमूे त्रेंजींद पर भी सुन सकते हैं। इसके साथ ही आप हमारी वेबसाइट दमूेवदंपतण्हवअण्पद पर भी समाचार सुन सकते हैं और संबंधित फोटो और वीडियो देख सकते हैं।

000

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के मौके पर केंद्रीय उपभोक्ता कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज वर्चुअल माध्यम से कई पहल शुरू की। इनका उद्देश्य ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर डार्क पैटर्न की पहचान करना और उपभोक्ताओं को मजबूत बनाना है। श्री जोशी ने इसके लिए **जागो ग्राहक जागो एप**, **जागृति एप और जागृति डैशबोर्ड** शुरू किया। **'जागो ग्राहक जागो एप'** उपभोक्ता की ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सभी यूआरएल के बारे में आवश्यक ई–कॉमर्स जानकारी प्रदान करेगा और असुरक्षित यूआरएल के बारे में सचेत करेगा। श्री जोशी ने उपभोक्ता अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की शिकायत और सहायता के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाईन नम्बर पर सम्पर्क करने की सलाह दी गई है। ये नम्बर हैं **1915 (उन्नीस पन्द्रह)** इस पर देश की 17 भाषाओं में ये सुविधा उपलब्ध है। इसके माध्यम से ग्राहकों

की समस्याओं को तुरंत संबंधित एजेंसी के साथ बात कर उन्हें राहत पहुंचाने की व्यवस्था है। इधर प्रदेश में भी राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के राजस्थान इन्टरनेशन सेन्टर पर हुआ इसमें ग्राहकों को न्याय दिलाने के लिए वर्चुअल हियरिंग पर भी चर्चा की गई। मंत्री सुमित गोदारा ने कार्यक्रम में राज्य और जिला आयोगों में मध्यस्थता व्यवस्था का शुभारम्भ किया। हाईकोर्ट जस्टिस इन्द्रजीत सिंह, राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष जस्टिस देवेन्द्र कच्छावा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उधर राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर बालोतरा में उपभोक्ता जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं पाली में उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह के समापन अवसर पर संगोष्ठी रखी गई। शाहपुरा, डीग, भरतपुर, झुन्झुनू और डूंगरपुर सहित अन्य स्थानों पर भी ग्राहकों को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई।

000

सुपोषित मां–अभियान का तीसरा चरण 27 दिसम्बर से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए पात्र महिलाओं को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। अब तक एक हजार से अधिक महिलाओं का पंजीकरण किया जा चुका है जिन्हें निःशुल्क पोषण किट उपलब्ध करवाये जायेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर इस अभियान की शुरूआत साल 2020 में कोटा से की गई थी। कोटा–बूंदी की पांच हजार गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लक्ष्य के साथ शुरू हुआ ये अभियान पिछले पांच साल में 15 हजार लाभार्थियों तक पहुंचा है। उचित पोषण मिलने से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और उन्होंने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है।

000

जयपुर गैस टैंकर काण्ड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। वहीं घायलों का सवाई मानसिंह अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ. आर.के. जैन ने बताया कि अस्पताल में इस हादसे के 23 पीड़ित भर्ती थे इनमें से तीन को अस्पताल से छुट्टी दे गई है।

000

प्रभु यीशुमसीह का जन्मदिन कल है। इसे क्रिसमस पर्व के रूप में मनाया जाता है।

.............

सवाईमाधोपुर जिले में क्रिसमिस को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि चर्च और रणथम्भौर के होटलों पर विशेष सजावट और कई तैयारियां की गई हैं।

................

000

भरतपुर में आज से महाराज सूरजमल स्मृति समारोह की शुरूआत हुई। दो दिन के समारोह में आज प्रश्नोत्तरी, साफा बांधो और रंगोली सहित कई प्रतियोगिताएं हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज विश्व प्रिय शास्त्री पार्क में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। कोटा महोत्सव में आज हैरिटेज वॉक किया गया। हजारों लोगों ने रंग–बिरंगे परिधान और साफे पहनकर वॉक में हिस्सा लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसमें शिरकत की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोटा के सौन्दर्य को बढाने के लिए कई काम किये जायेंगे।

000